1 देश हमारा



भारत देश हमारा है,
सब देशों से न्यारा है।



उच्च हिमालय मस्तक इसका
पग पर छलके सागर है,
नदियाँ भरी हैं शीतल जल से
झीलें, झरने गागर हैं।

पेड़ों पर लटके मीठे फल
धरती पर हरियाली है,
खेत-खलिहान हैं भरे अन्न से
हर घर में खुशहाली है।

देश हमें प्राणों से प्यारा
इसको सदा सँवारेंगे,
शांति, दया की राह अपनाकर
जग को आदर्श बनाएँगे।

भारत देश हमारा है,
सब देशों से न्यारा है।

शिक्षण संकेत : बच्चों को भारत की विशेषताएँ बताते हुए उनमें देश-प्रेम की भावना विकसित करें।

आओ करें Let's do it!

1. **सुनो और बोलो** Listen and speak—

देश	Country	हमारा	our	सब	all
न्यारा	uncommon	उच्च	high	मस्तक	forehead
पग	foot	सागर	sea	नदियाँ	rivers
शीतल	cold	जल	water	झीलें	lakes
झरने	waterfalls	हरियाली	greenery	खेत	field
खुशहाली	prosperity	शांति	peace	दया	pity

2. **पढ़ो और समझो** Read and understand—

उच्च — ऊँचा	मस्तक — माथा	पग — पैर
सागर — समुद्र	जल — पानी	पेड़ — वृक्ष
धरती — ज़मीन	घर — गृह	देश — राष्ट्र
प्यारा — प्रिय	राह — रास्ता	जग — संसार

3. **समझो और लिखो** Understand and write—

क. हमारे देश का नाम क्या है?

हमारे देश का नाम भारतवर्ष है।

ख. भारत की नदियाँ कैसी जल से भरी हैं?

भारत की नदियाँ शीतल जल से भरी हैं।

ग. खलिहानों में क्या भरा है?

खलिहानों में अन्न भरा है।

घ. हम किस रास्ते पर चलेंगे?

हम शांति और दया की राह पर चलेंगे।

4. **समझो और मिलाओ** Understand and match—

राष्ट्रीय ध्वज National flag	कमल Lotus
राष्ट्रीय पक्षी National bird	बरगद Banyan
राष्ट्रीय पुष्प National flower	बाघ Tiger
राष्ट्रीय पशु National animal	मोर Peacock
राष्ट्रीय वृक्ष National tree	तिरंगा Tiranga

5. **अपने-आप** Do yourself—

आपको क्या सबसे अच्छा लगता है और क्यों? लिखो—

....

....

....

....